## खबर संक्षेप

### दतिया-निवाड़ी महिला कांग्रेस की कमान डॉ. रचना शेर सिंह को



**दतिया।** मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस ने संगठन विस्तार के तहत दतिया और निवाड़ी जिलों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी डॉ. रचना शेर सिंह को सौंपी है। नियुक्ति के बाद उन्होंने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत बनाने का संकल्प लिया। यह नियुक्ति अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा, मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रीना बोरासी सेतिया तथा मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार की गई है। संगठन ने इसे महिला नेतृत्व को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है। नवनियुक्त जिला प्रभारी डॉ. रचना शेर सिंह ने कहा कि संगठन ने जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने तथा संगठन को मजबूत करने के लिए कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दतिया और निवाड़ी जिलों में महिला कांग्रेस की सक्रियता बढ़ाने, बूथ स्तर तक संगठन को सुदृढ़ करने और जनहित के मुद्दों पर प्रभावी भूमिका निभाने के लिए व्यापक अभियान चलाया जाएगा।

### पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 9 जुआरियों को किया गिरफ्तार

**दतिया।** जिले में अवैध जुआ और सट्टे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 9 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से ?63,010 नगदी और 2 पासे जब्त किए हैं। पुलिस अधीक्षक मयूर खंडेलवाल के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील शिवहरे एवं एसडीओपी आकांक्षा जैन के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि गोविंद मंदिर के पास स्थित गली में कुछ लोग पासों पर रुपए का दांव लगाकर हार-जीत का जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी और आरोपियों को जुआ खेलते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों में संतोष गुप्ता, ज्ञान सिंह यादव, अमित यादव, रविंद्र गुप्ता, अमरदीप पंजाबी, गौरी शंकर कब्जू, राकेश कुशवाहा, राकेश दुबे एवं हेमंत प्रताप सिंह शामिल हैं। वहीं आरोपी कल्ली यादव और वीरेंद्र प्रजापति मौके से फरार हो गए। पुलिस ने कुल 11 आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। कार्रवाई के दौरान आरोपियों के कब्जे से 63,010 नगदी और 2 पासे बरामद किए गए।

### भाजपा का दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग संपन्न

# जयभान सिंह पवैया बोले- भारत को विश्व गुरु बनाने की चिंता करें कार्यकर्ता

**पीपुल्स प्रवक्ता, दतिया।**




पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी दतिया का दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग रविवार को संपन्न हो गया। प्रशिक्षण वर्ग के दूसरे दिन आयोजित समापन सत्र में पार्टी नेताओं ने कार्यकर्ताओं को संगठन की कार्यशैली, इतिहास और वैचारिक मजबूती को लेकर मार्गदर्शन दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत महापुरुषों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। प्रशिक्षण वर्ग छह सत्रों में आयोजित हुआ, जिसमें विभिन्न विषयों पर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया गया।

समापन सत्र में वित्त राज्य आयोग के अध्यक्ष जयभान सिंह पवैया ने भारतीय जनता पार्टी के जनसंघ से लेकर विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल बनने तक के सफर पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित राजनीतिक दल है और कार्यकर्ताओं की निष्ठा व समर्पण के कारण ही पार्टी आज इस मुकाम तक पहुंची है।

उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को केवल संगठनात्मक मजबूती तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि भारत को विश्व गुरु बनाने की चिंता और संकल्प भी रखना चाहिए। उन्होंने प्रशिक्षण वर्ग को संगठनात्मक क्षमता को और अधिक प्रभावी बनाने वाला महत्वपूर्ण माध्यम बताया।

प्रशिक्षण वर्ग के विभिन्न सत्रों में नितेश शर्मा, महेंद्र सिंह यादव, शैलेंद्र बरुआ, कामना सिंह भदोरिया एवं लोकेंद्र पाराशर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन विपिन गोस्वामी ने किया, जबकि समापन सत्र की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष रघुवीर सिंह कुशवाहा ने की। इस अवसर पर पूर्व गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा, जिला प्रभारी गजेंद्र सिकरवार, प्रशिक्षण वर्ग प्रभारी कौशल शर्मा, भाजपा जिला महामंत्री अतुल भूरे चौधरी, सेवढ़ा विधायक प्रदीप अग्रवाल, पूर्व सांसद अशोक अर्गल, संघमित्रा अहिरवार सहित भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु चिब का दतिया में भव्य स्वागत

» कार्यकर्ताओं से बोले- कांग्रेस की रीढ़ है युवा कांग्रेस, विधानसभा चुनाव में निभाएगी बड़ी भूमिका



**पीपुल्स प्रवक्ता, दतिया।**

भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु चिब शुक्रवार को अल्प प्रवास पर दतिया पहुंचे, जहां युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका ऐतिहासिक स्वागत किया। दतिया युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष माधव सरवरिया के नेतृत्व में आयोजित स्वागत एवं सम्मान समारोह में बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु चिब ने कहा कि युवा कांग्रेस हमेशा कांग्रेस पार्टी की रीढ़ रही है। जब-जब कांग्रेस संकट में आई है, तब युवा कांग्रेस ने संकट मोचन की भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि आगामी मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में युवा कांग्रेस की महत्वपूर्ण भूमिका रहने वाली है और संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत किया जाएगा।

दतिया प्रवास के दौरान उदयभानु चिब ने श्री पीतांबरा पीठ पहुंचकर मां पीतांबरा माई के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। इसके बाद उन्होंने बनखंडेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक भी किया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस प्रभारी शिवी चौहान, सह प्रभारी रुपेश भदौरिया, प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया, राष्ट्रीय महासचिव मितेंद्र सिंह, राष्ट्रीय सचिव हैवरन कंसाना, संभागीय प्रभारी राजवीर कुड़िया, रोहित यादव सहित युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय एवं प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित रहे। स्थानीय स्तर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता अवधेश नायक, पूर्व जिलाध्यक्ष रामकिंकर गुर्जर, शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अजय शुक्ला, इंदरगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष संजय राणा, अभिषेक तिवारी, अंकित पटेल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस एवं युवा कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम में सैकड़ों युवाओं की उपस्थिति ने आयोजन को राजनीतिक रूप से खास बना दिया।

### सड़क सुरक्षा अभियान में एसपी ने बांटे हेलमेट

## दतिया पुलिस का जागरूकता अभियान; वाहन चालकों को सुरक्षित ड्राइविंग का दिया संदेश



**पीपुल्स प्रवक्ता, दतिया।**

सड़क दुर्घटनाओं में लगातार बढ़ रही जनहानि को देखते हुए दतिया पुलिस द्वारा विशेष हेलमेट अनिवार्यता अभियान के तहत शनिवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक मयूर खंडेलवाल ने वाहन चालकों को हेलमेट वितरित कर सुरक्षित यातायात का संदेश दिया।

पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार जिले में 26 अप्रैल से 10 मई 2026 तक विशेष हेलमेट अनिवार्यता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य दोपहिया वाहन चालकों, विशेषकर युवाओं और महिला वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना तथा दुर्घटनाओं में कमी लाना है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसपी मयूर खंडेलवाल ने कहा कि हेलमेट केवल नियमों के पालन का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन रक्षा का महत्वपूर्ण सुरक्षा कवच है। उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना स्वयं और परिवार की सुरक्षा के प्रति जिम्मेदारी दर्शाता है।

इस दौरान नागरिकों को यातायात नियमों का पालन करने, दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट तथा चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही सुरक्षित और जिम्मेदार ड्राइविंग अपनाने का संदेश भी दिया गया।

कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार शिवहरे, रक्षित निरीक्षक सौरव तिवारी, यातायात प्रभारी सपना शर्मा सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। हेलमेट वितरण में समाजसेवी संस्था का भी सहयोग रहा।

### युवा कांग्रेस पार्टी की ताकत : उदय भानु चिब




**दतिया।** भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब एवं प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया के एक दिवसीय दतिया दौरे पर युवा कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मोटल होटल में युवा कांग्रेस नेता अरुण घनघोरिया के नेतृत्व में आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम में उदय भानु चिब मुख्य अतिथि रहे, जबकि अध्यक्षता यश घनघोरिया ने की। विशिष्ट अतिथियों में शिवी चौहान, मितेंद्र दर्शन सिंह, रूपेश भदौरिया, हैवरान कंसाना एवं कृष्णा हरि शामिल रहे। सम्मेलन में अतिथियों का ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया गया। अरुण घनघोरिया ने सभी नेताओं को शाल, श्रीफल, पगड़ी एवं फूलमालाएं पहनाकर सम्मानित किया तथा किसान प्रतीक के रूप में हल भेंट किया। अपने संबोधन में उदय भानु चिब ने केंद्र की भाजपा सरकार को किसान विरोधी बताते हुए कहा कि सरकार की ट्रेड डील अमेरिका को फायदा पहुंचाने वाली है।

## दतिया में पुलिस का सख्त पहरा, शहरभर में चला सघन चेकिंग अभियान

» नवागत एसपी मयूर खंडेलवाल एक्शन मोड में; 15 जगह बैरिकेडिंग, नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई

**पीपुल्स प्रवक्ता, दतिया।**




नवागत पुलिस अधीक्षक मयूर खंडेलवाल पदभार संभालते ही एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। जिले में कानून व्यवस्था और यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से शनिवार को शहरभर में व्यापक चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कोतवाली, सिविल लाइन, लाला का तालाब, सेवढ़ा चुंगी सहित विभिन्न क्षेत्रों में पुलिस और यातायात अमले ने संयुक्त कार्रवाई की।

शहर में एक साथ करीब 15 स्थानों पर चेकिंग पॉइंट बनाकर बिना नंबर प्लेट, बिना हेलमेट, सीट बेल्ट का उपयोग न करने वाले वाहन चालकों और एक वाहन पर तीन सवारी बैठाने वालों के खिलाफ सख्त चालानी कार्रवाई की गई। पुलिस ने लाला का तालाब, किला चौक, राजगढ़ चौराहा और झांसी चुंगी जैसे प्रमुख चौराहों पर वाहनों की गहन जांच की। अचानक शुरू हुई कार्रवाई से नियम तोड़ने वालों और संदिग्ध गतिविधियों में शामिल लोगों में हड़कंप की स्थिति देखी गई। वहीं आम नागरिकों ने पुलिस की इस पहल को शहर की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के लिए जरूरी कदम बताया। लगातार हो रही सख्त कार्रवाई से यह साफ संकेत मिल रहे हैं कि नवागत एसपी जिले में सुरक्षा व्यवस्था और ट्रैफिक नियमों को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेंगे। अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार शिवहरे, रक्षित निरीक्षक सौरभ तिवारी, एसडीओपी आकांक्षा जैन, टीआई धीरेन्द्र मिश्रा, ट्रैफिक प्रभारी सपना शर्मा, निरीक्षक दिलीप समाधिया, सूबेदार अजय वर्मा, नईम खान सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

## राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों और माताओं का सम्मान

» दतिया में कुराश संघ का आयोजन, विधायक प्रदीप अग्रवाल बोले– खेलों से बढ़ता है युवाओं का आत्मविश्वास

**पीपुल्स प्रवक्ता, दतिया।**




जिला कुराश संघ द्वारा रविवार को स्टेडियम ग्राउंड स्थित रुद्र मार्शल आर्ट अकादमी में राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों एवं उनकी माताओं के सम्मान में भव्य समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में खिलाड़ियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया, वहीं उनकी माताओं को भी विशेष सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक प्रदीप अग्रवाल रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में मयंक ढेगला, महेश दुबे एवं राजेन्द्र नगार्च उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कुराश संघ अध्यक्ष अमित अग्रवाल ने की। अमित अग्रवाल ने कहा कि खेल केवल पदक जीतने का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और राष्ट्र निर्माण की भावना का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि दतिया के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है। साथ ही उन्होंने खिलाड़ियों की सफलता में माताओं के योगदान को सबसे अहम बताया। समारोह में भूमि पाल, हासिम खान, चंचल पटवा, कृष्णा यादव, माही साहू, नव्या रजक, लवेश नायक, रुद्र शर्मा, ऋषि राय, निकुंज गुर्जर, अनन्या प्रजापति, प्रतीक्षा दोहरे, इंद्रकांत पाल, आस्था सेन एवं मानवी राजा बुंदेला सहित अन्य खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान खिलाड़ियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए युवाओं से खेलों से जुड़ने की अपील की। कार्यक्रम का उद्देश्य जिले में खेलों के प्रति सकारात्मक माहौल तैयार करना और युवा प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन करना रहा। अंत में रुद्र मार्शल आर्ट अकादमी के संचालक एवं जिला कुराश संघ के सचिव विक्रम सिंह दांगी ने अतिथियों एवं उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया गया।

## सोनागिर तिराहे पर ट्रक-कंटेनर की भिड़ंत, हाईवे पर लगा लंबा जाम

» हादसे में एक गंभीर घायल; ट्रैफिक पुलिस ने मौके पर पहुंचकर खुलवाया रास्ता



**पीपुल्स प्रवक्ता, दतिया।**

दतिया के सोनागिर तिराहे पर रविवार को ट्रक और कंटेनर की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि दोनों वाहनों के अगले हिस्से क्षतिग्रस्त हो गए। दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटना की सूचना मिलते ही डायल-112 टीम मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। टीम ने घायल को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाकर उपचार उपलब्ध कराया। हादसे के बाद हाईवे पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया।

जाम की सूचना मिलते ही यातायात पुलिस बल के साथ सूबेदार हौतम सिंह बघेल मौके पर पहुंचे और सूझबूझ के साथ यातायात व्यवस्था संभालते हुए जाम खुलवाया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क किनारे करवाकर यातायात सामान्य कराया।

पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार टक्कर तेज रफ्तार और असावधानी के चलते होना बताई जा रही है, हालांकि पुलिस हादसे के वास्तविक कारणों का पता लगाने में जुटी हुई है।

## लायंस क्लब दतिया सिटी का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न



**पीपुल्स प्रवक्ता, दतिया।**

ग्वालियर रोड स्थित डेटिया मोटल में शनिवार को Lions Clubs International के अंतर्गत लायंस क्लब दतिया सिटी का भव्य शपथ ग्रहण समारोह उत्साह और गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लायंस इंटरनेशनल के पास्ट इंटरनेशनल प्रेसिडेंट नरेश अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

समारोह में ग्वालियर और डबरा के विभिन्न लायंस क्लबों के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने सहभागिता कर सेवा और संगठनात्मक एकता का परिचय दिया। डिस्ट्रिक्ट 3233 श्व-1 अंतर्गत लायंस क्लब ग्वालियर सेंट्रल एवं ग्वालियर क्लासिक के सदस्यों की उपस्थिति भी आकर्षण का केंद्र रही।

इंस्टालेशन ऑफिसर नितिन मांगलिक ने नई कार्यकारिणी को सेवा, समर्पण और मानवता के मूल्यों के साथ कार्य करने की शपथ दिलाई। नई कार्यकारिणी में डॉ. कपिल गोयल ने अध्यक्ष, अजय शर्मा ने मानसेवी सचिव तथा मोहन अग्रवाल ने कोषाध्यक्ष पद का दायित्व संभाला।

इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सुधीर वाजपेयी, स्पेशल गेस्ट विष्णु गोयल, गेस्ट ऑफ ऑनर सी.एस. तोमर, रमेश श्रीवास्तव, जे.एस. गुप्ता, शशि भूषण सिंघल, शिव शंकर अग्रवाल एवं ऋषि गुप्ता सहित अनेक वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे। स्थानीय संयोजक रामगोपाल अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत किया।

मुख्य अतिथि नरेश अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि लायंस क्लब केवल एक संगठन नहीं बल्कि मानवता और समाज सेवा के लिए समर्पित परिवार है। उन्होंने नई कार्यकारिणी से जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए निरंतर कार्य करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। संचालन संजीव निगौती एवं अमित कुमार ने किया। अंत में मानसेवी सचिव अजय शर्मा ने सभी अतिथियों और सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

## दतिया में मनाया गया एनआरपी दिवस

**पीपुल्स प्रवक्ता, दतिया।**




नवजात शिशुओं की मृत्यु दर कम करने और जन्म के तुरंत बाद आपात स्थिति में बेहतर उपचार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 10 मई को पूरे देश में एनआरपी दिवस मनाया गया। इसी क्रम में दतिया के शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय में भी विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह अभियान National Neonatology Forum India द्वारा देशव्यापी स्तर पर चलाया जा रहा है, जिसमें बड़े पैमाने पर कौशल आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। प्रशिक्षण का उद्देश्य नवजात शिशुओं को जन्म के समय आवश्यक श्वास सहायता एवं पुनर्जीवन तकनीकों में स्वास्थ्यकर्मियों को दक्ष बनाना है। दतिया में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के कोर्स समन्वयक डॉ पुनीत अग्रवाल रहे। प्रशिक्षण में डॉ डी.के. गुप्ता, डॉ देवराज सिंह, डॉ राजेश गुप्ता, डॉ मनीष अजमेरिया सहित शिशुरोग विभाग के चिकित्सकों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम में सरकारी एवं निजी दोनों क्षेत्रों के स्वास्थ्यकर्मियों ने हिस्सा लिया। प्रशिक्षण पूरी तरह निःशुल्क रखा गया, जिससे अधिक से अधिक चिकित्सा कर्मी नवजात शिशु देखभाल की आधुनिक तकनीकों से जुड़ सकें। विशेषज्ञों ने बताया कि यह राष्ट्रव्यापी अभियान एक ही दिन में सर्वाधिक नवजात पुनर्जीवन एवं श्वास सहायता प्रशिक्षण आयोजित करने की दिशा में ऐतिहासिक पहल है। इससे देशभर में नवजात देखभाल व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए संस्थान के अधिष्ठाता डॉ दीपक एस. मरावी, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभागाध्यक्ष डॉ श्वेता यादव तथा सह प्राध्यापक डॉ अमिता शर्मा का विशेष आभार व्यक्त किया गया।

## धीरपुरा पुलिस की कार्रवाई, पॉक्सो एक्ट मामले में बालक अभिरक्षा में लिया गया

**दतिया।** थाना धीरपुरा पुलिस ने पॉक्सो एक्ट से जुड़े प्रकरण में त्वरित कार्रवाई करते हुए विधि-विवादित बालक को अभिरक्षा में लेकर किशोर न्याय बोर्ड में पेश किया। न्यायालय के आदेश पर बालक को बाल सम्प्रेषण गृह ग्वालियर भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार 7 मई 2026 को फरियादी द्वारा अपनी नाबालिग पुत्री के गुम होने की रिपोर्ट थाना धीरपुरा में दर्ज कराई गई थी। मामले में अपराध क्रमांक 28/26 धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने 24 घंटे के भीतर 8 मई को नाबालिग को दस्तयाब कर लिया। इसके बाद पीड़िता के कथन धारा 183 बीएनएसएस के तहत न्यायालय में दर्ज कराए गए। विवेचना एवं पीड़िता के बयानों के आधार पर मामले में धारा 87, 351(2) बीएनएस एवं 11/12 पॉक्सो एक्ट की धाराएं बढ़ाई गईं। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 10 मई को विधि-विवादित बालक को अभिरक्षा में लिया। पुलिस अधीक्षक मयूर खंडेलवाल के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील शिवहरे एवं एसडीओपी आकांक्षा जैन के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कार्यवाहक उपनिरीक्षक भूपेन्द्र सिंह जाट एवं उनकी टीम ने यह कार्रवाई की। कार्रवाई में आरक्षक संतोष यादव, दशरथ बघेल, चन्द्रप्रकाश एवं बलवीर सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

### इंदरगढ़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई, आदतन बदमाश गिरफ्तार

## 70 लीटर कच्ची शराब, कट्टा और 6 जिंदा कारतूस बरामद; आरोपी पर 19 मामले दर्ज

**पीपुल्स प्रवक्ता, दतिया।**



जिले में अवैध हथियार और अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत इंदरगढ़ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आदतन अपराधी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 70 लीटर कच्ची शराब, एक 315 बोर का कट्टा, 6 जिंदा राउंड और एक मोटरसाइकिल जब्त की है।

पुलिस अधीक्षक मयूर खंडेलवाल के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील शिवहरे एवं एसडीओपी सेवढ़ा अजय चानना के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गौरव शर्मा और उनकी टीम ने यह कार्रवाई की।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि लक्ष्मणपुरा पुराने प्लाट के पास दतिया रोड इंदरगढ़ क्षेत्र में एक युवक अवैध हथियार और शराब के साथ मौजूद है। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी सागर यादव निवासी बसई जीव को गिरफ्तार किया।

तलाशी के दौरान आरोपी के पास से दो प्लास्टिक कैनों में भरी करीब 70 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब, एक 315 बोर का देशी कट्टा, 6 जिंदा कारतूस और हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल क्रमांक स्न्क 32 ष्ठ 9925 बरामद की गई। जब्त शराब की कीमत करीब 7 हजार रुपए बताई गई है।

पुलिस के अनुसार आरोपी सागर यादव शातिर और आदतन अपराधी है, जिसके खिलाफ जिले के विभिन्न थानों में करीब 19 आपराधिक मामले दर्ज हैं। कई मामलों में पुलिस उसकी तलाश कर रही थी।

आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट और आर्म्स एक्ट के तहत अलग-अलग प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

कार्रवाई में थाना प्रभारी गौरव शर्मा, उप निरीक्षक अवतार सिंह यादव, प्रधान आरक्षक पुष्पराज जौहरिया, रामनिवास गुर्जर, आरक्षक प्रवीण परिहार, भानु दुबे, मंजेश त्यागी, महिला आरक्षक नीतू वरुण, सैनिक रामनिवास यादव एवं प्रमोद गुर्जर की सराहनीय भूमिका रही।